बी ई एम एल
beml
NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

<u>लॉकहीड मार्टिन बीईएमएल लिमिटेड के साथ भागीदारी करती है</u>

****वैश्विक और घरेलू अवसरों का अन्वेषन करने के लिए****

बेंगलूरु, फरवरी, 21, 2019

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम है और अमेरिका स्थित लॉकहीड मार्टिन एयरोनॉटिक्स कंपनी ने आज बेंगलूरु में चल रहे एयरो इंडिया 2019 में 'साझेदारी का प्रमाण पत्र' पर हस्ताक्षर किए। उक्त कदम वांतरिक्ष में सहायक उपकरण के अवसरों के निर्माण का पता लगाने के लिए दोनों कंपनियों के बीच सहयोग के लिए मार्ग प्रशस्त करता है।

साझेदारी का प्रमाण पत्र श्री दीपक कुमार होता, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, बीईएमएल और डॉ. विवेक लाल, उपाध्यक्ष, व्यवसाय विकास, लॉकहीड मार्टिन एयरोनॉटिक्स कंपनी द्वारा अंकित किया गया।

श्री दीपक कुमार होता, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, बीईएमएल और
डॉ. विवेक लाल, उपाध्यक्ष, व्यवसाय विकास, लॉकहीड मार्टिन एयरोनॉटिक्स कंपनी, भारत द्वारा
'साझेदारी का प्रमाण पत्र' पर हस्ताक्षर करते हुए

बीईएमएल ने प्रतिष्ठित एलसीए 'तेजस' परियोजना के लिए विभिन्न ग्राउंड हैंडलिंग और ग्राउंड सपोर्ट उपकरणों को डिजाइन और विकास किया है। बीईएमएल एयरक्राफ्ट टोइंग ट्रैक्टर, क्रैश-फायर टेंडर, एयरो-ब्रिजस और हवाई अड्डों में उपयोग के लिए संस्थापन तथा पृथक्करण के उपकरणों की जटिल किस्में भी बनाता है।

बीईएमएल वांतरिक्ष प्रभाग में सटीक मशीनिंग, अनोखे मिश्र धातुओं का निर्माण जैसे अत्याधुनिक निर्माण सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रभाग एनएबीएल मान्यता प्राप्त मेट्रोलॉजी, परीक्षण और निरीक्षण सुविधाओं का दावा करता है। एयरबोर्न शीट मेटल स्ट्रक्चर और सीएनसी राउटर, इलास्टो फॉर्म प्रेस, सॉल्यूशनिंग फर्नेस और संबंधित असेंबली इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ सुसज्जित है।

बीईएमएल वैश्विक और घरेलू अवसरों की तलाश कर रहा है और भारत सरकार द्वारा रक्षा प्रापण के लिए निर्धारित ऑफसेट नीति से लाभ उठा रहा है।

बीईएमएल लिमिटेड के मैसूरु में कार्यरत वांतरिक्ष प्रभाग और बेंगलूरु के समीप एसईजेड में आगामी वांतरिक्ष सुविधा से सतत विस्तार योग्य वांतरिक्ष बाजार में घरेलू और वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने के लिए है और भारत सरकार द्वारा रक्षा खरीद के लिए निर्धारित 'ऑफसेट' नीति से भी लाभान्वित होता है।

बीईएमएल के बारे में

बीईएमएल लिमिटेड रक्षा मंत्रालय के तहत एक अग्रणी बहु-प्रौद्योगिकी 'मिनिरत्न-श्रेणी-1' कंपनी है और यह रक्षा, रेल, बिजली, खनन और बुनियादी ढांचे जैसे भारत के प्रमुख क्षेत्रों की सेवा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बीईएमएल तीन कार्यक्षेत्र हैं, यथा रक्षा और वांतरिक्ष, खनन और निर्माण और रेल और मेट्रो तथा बेंगलूर, कोलार गोल्ड फील्ड्स (केजीएफ), मैसूर, पालक्काड में स्थित कार्यालयों में अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें :
एस. रमानंद
सहायक महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार)
बीईएमएल लिमिटेड
23/1, चौथा मेन, एस.आर. नगर,
बेंगलूर - 560 027
दूरभाष : 080-22224457
मोबाइल : +91 97 413 51582